**पद : वित्त अधिकारी – मेक इन इंडिया** **पद कोड : MII-FO-01**

**कुल पद :** 1 (एक)

**अवधि :** मेक इन इंडिया के लिए जैव प्रौद्योगिकी उद्योग सुविधा प्रकोष्ठ कार्यक्रम प्रबंधन इकाई (पीएमयू) की स्थापना जैव प्रौद्योगिकी विभाग (डीबीटी) द्वारा बाइरैक में की गई है। यह पद पूर्ण रूप से अस्थायी (अनुबंध के आधार पर) है और परियोजना की समाप्ति के साथ समाप्त हो जाएगा। परियोजना की वर्तमान अवधि मार्च 2026 तक है।

**समेकित पारिश्रमिक** : योग्यता और अनुभव के आधार पर प्रति माह 60,000/- रु. से 2,10,000/- रु. के मध्य बीच एकमुश्त राशि।

**कार्य विवरण :** बायोटेक क्षेत्र के लिए राष्ट्रीय मिशन कार्यक्रम - मेक इन इंडिया (MII) का नेतृत्व डीबीटी द्वारा किया जाता है जो कि वर्ष 2015 से बाइरैक संस्था द्वारा समर्थित है। PMU नीति वकालत, डेटा अनुसंधान और विश्लेषण, हितधारकों के परामर्श और रणनीतिक इनपुट प्रदान करता है। यह बायोफाउंड्री/बायोमैन्युफैक्चरिंग पहल का समर्थन करता है। इस PMU के तहत स्थापित बायोटेक क्षेत्र के लिए परियोजना विकास प्रकोष्ठ मुख्यतः निवेश मंजूरी प्रकोष्ठ देश की जैव अर्थव्यवस्था और बायोटेक नवाचार पारिस्थितिकी तंत्र के विकास के लिए इन्वेस्ट इंडिया और डीबीटी के साथ मिलकर काम करेगा।

चयनित व्यक्ति बाइरैक के वित्त और लेखा विभाग के साथ मिलकर काम करते हुए मेक इन इंडिया PMU की समग्र वित्त एवं लेखा संबंधी आवश्यकताओं तथा निधि प्रवाह प्रबंधन का समर्थन करेंगे।

**रिपोर्टिंग** : चयनित अभ्यर्थी मिशन निदेशक – एमआईआई को रिपोर्ट करेंगे।

| **मुख्य उत्तरदायित्व :** | **अनिवार्य योग्यता :** |
|---|---|
| • वित्तीय सहमति की प्रक्रिया, भुगतान जारी करना, प्राप्तियों की निगरानी, यूसी-एसओई की तैयारी सहित लेखांकन गतिविधियों की देखरेख करना।<br>• बजट तैयार करना, समीक्षा करना और विचलन की रिपोर्ट तैयार करना।<br>• निधि प्रवाह प्रबंधन।<br>• मासिक, त्रैमासिक, अर्धवार्षिक और वार्षिक समापन गतिविधियों का समन्वय करना।<br>• परियोजनाओं की वित्तीय जांच-पड़ताल करना।<br>• अनुदान रजिस्टरों का रखरखाव और समीक्षा, पूर्ण परियोजनाओं का वित्तीय समापन करना।<br>• साझेदारों, बाइरैक के वित्त और लेखा विभाग के साथ समन्वय करना।<br>• आवश्यकता के अनुसार सौंपा गया कोई अन्य कार्य | किसी मान्यता प्राप्त संस्थान से बी.कॉम के साथ एमबीए (वित्त)/पीजी डिप्लोमा (वित्त)।<br>**वांछनीय योग्यता :**<br>किसी मान्यता प्राप्त संस्थान से सीए/ आईसीडब्ल्यूए/ एम.कॉम।<br>उत्तम लिखित और मौखिक संचार कौशल।<br>**अनुभव :** निजी/सार्वजनिक क्षेत्र/सरकारी संगठन के वित्त एवं लेखा विभाग में वित्त, योजना, बजट, वित्तीय विवरण तैयार करने आदि से संबंधित कार्य में न्यूनतम 2 वर्ष का कार्य अनुभव।<br>**वांछनीय :** सार्वजनिक निधियों, सार्वजनिक निजी भागीदारी परियोजनाओं, सरकारी खरीद, निविदाओं आदि को संभालने का अनुभव।<br>**आयु सीमा :** रिक्ति की अंतिम तिथि को अधिकतम 30 वर्ष। |